# भारतीय जनता पार्टी

(केन्द्रीय कार्यालय)
6-ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

29 मई 2024, बुधवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा उत्तर प्रदेश के महाराजगंज, देवरिया, बलिया और सोनभद्र में आयोजित जनसभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**4 जून को राहुल बाबा ईवीएम पर ठीकरा फोड़ेंगे, 6 जून को बैंकॉक निकल जाएँगे**

***************

**राहुल बाबा का हाल नाच न जाने, आँगन टेढ़ा है**

***************

**विपक्षी नेता अपना जीवन मौज-शौक के लिए जीते हैं, मोदी जी 130 करोड़ की जनता के लिए जीते हैं**

***************

**राहुल बाबा! ताकत हो तो आदिवासी बहनों-भाइयों के आरक्षण को हाथ लगाओ**

***************

**इस चुनाव में एक ओर राम भक्तों पर गोली चलाने वाले हैं और दूसरी ओर राम मंदिर बनाने वाले मोदी जी हैं**

***************

**सपा ने अवैध खनन करके आदिवासियों का अधिकार छीना, मोदी जी ने डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड बनाकर आदिवासी कल्याण किया**

***************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के महाराजगंज, देवरिया, बलिया और सोनभद्र में आयोजित विशाला जनसभाओं को संबोधित किया था कांग्रेस व सपा की भ्रष्टाचारी एवं परिवारवादी मानसिकता पर जमकर निशाना साधते हुए इंडी गठबंधन की तुष्टिकरण की राजनीति पर जमकर हमला बोला। कार्यक्रमों के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, देवरिया से निवर्तमान सांसद डॉ. रमापति राम त्रिपाठी, भाजपा नेता श्री सुभाष यदुवंशी, सिसवां विधायक श्री प्रेम सागर पटेल, महाराजगंज लोकसभा प्रत्याशी श्री पंकज चौधरी, देवरिया लोकसभा प्रत्याशी श्री शशांक मणि त्रिपाठी, बलिया लोकसभा प्रत्याशी श्री नीरज शेखर, रॉबर्ट्गंज से एनडीए प्रत्याशी श्रीमती रिंकी कोल सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी मंच पर उपस्थित रहे।

श्री शाह ने कहा कि **6 चरणों के मतदान समाप्त हो चुके हैं, पांच चरणों के मतदान में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी 310 सीटें जीतकर भाजपा सरकार बना चुके हैं और छठे-सातवें चरण में 400 पार कराना है। वहीं कांग्रेस उत्तर प्रदेश में 40 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पा रही है और दूसरे शहजादे अखिलेश यादव भी 4 सीटों तक ही सीमित रहने वाले हैं। 4 जून को दोनों शहजादे प्रेसवार्ता करेंगे और अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ेंगे। कांग्रेस की इस दशा को देखकर "नाच न जाने आंगन टेढ़ा" कि कहावत सही साबित होती है।** यह चुनाव दो खेमों के बीच है, एक तरफ 12 लाख करोड़ के घपले-घोटाले करने वाले भ्रष्टाचारी लोग हैं और दूसरी तरफ 23 साल तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री रहने के बावजूद भी आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी पर 25 पैसे तक का आरोप नहीं है। **एक ओर थोड़ी गर्मी बढ़ते ही विदेश भागने वाले राहुल गांधी है और दूसरी ओर 23 वर्षों से एक भी छुट्टी नहीं लेने वाले और सैनिकों के साथ दिवाली मनाने वाले आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं।** एक ओर गरीबी हटाओ का झूठा नारा देने वाली कांग्रेस पार्टी है और दूसरी ओर 80 करोड़ लोगों को 5 किलो अनाज निःशुल्क मुहैया करवाया, 12 करोड़ लोगों को शौचालय दिया, 14 करोड़ लोगों को नल से जल दिया, 10 करोड़ लोगों को गैस सिलेंडर दिया, 60 करोड़ लोगों को 5 लाख रुपए तक का इलाज निःशुल्क मुहैया करवाया और 11 करोड़ किसानों को 6 हजार रुपए सम्मान निधि के रूप में देने का काम आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने किया है। **कांग्रेस पार्टी संवेदनशीलता से परे है। इनके नेता मौज और शौक के लिए जीते हैं जबकि आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी 140 करोड़ देशवासियों के लिए जीते हैं।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **70 वर्षों तक कांग्रेस और समाजवादी पार्टी राम मंदिर के मुद्दे को लटकाते-भटकाते रहे, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद 5 वर्षों में ही भव्य राम मंदिर बनाकर भगवान श्रीराम को टेंट से भव्य मंदिर में विराजमान कराया। समाजवादी पार्टी ने ही कारसेवकों पर गोली**

**चलवाई थी और सरयू का पानी कारसेवकों के खून से लाल कर दिया था। यह चुनाव राम भक्तों पर गोली चलाने वालों का और राम मंदिर बनाने वालों के बीच है।** 2019 में देवरिया की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को विजयी बनाया तो आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कश्मीर से धारा 370 को समाप्त कर दिया, यह है आपके एक वोट की ताकत। **राहुल गांधी पाकिस्तान से पाक अधिकृत कश्मीर लाने की जगह परमाणु बम की बात करके भारत की जनता को डराने का काम रहे हैं, लेकिन उनको यह समझना होगा कि भाजपा वाले किसी से डरने वाले नहीं है। पाक अधिकृत कश्मीर भारत का था, भारत का है और भारत उसे पाकिस्तान से लेकर रहेगा।** आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश को आतंकवाद से मुक्त किया है। **सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह की सरकार में आए दिन पकिस्तान से आए आतंकी देश में हमले करके चले जाते थे और कांग्रेस सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर पाती थी, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान के घर में घुसकर सर्जिकल और एयरस्ट्राइक करके 10 दिनों के भीतर उरी और पुलवामा का जवाब दिया और आतंकवाद का सफाया किया।** कांग्रेस कहती है कि आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी आरक्षण समाप्त कर देंगे। आदरणीय प्रधानमंत्री जी 10 साल से प्रधानमंत्री हैं लेकिन आरक्षण को हाथ नहीं लगाया। **आरक्षण पर डाका डालने का काम तो कांग्रेस ने किया है। कर्नाटक, हैदराबाद और बंगाल में कांग्रेस ने दलित और पिछड़ों का आरक्षण छीन कर अपने वोट बैंक को दे दिया।** श्री शाह ने कहा **कि जब तक संसद में एक भी भाजपा का सांसद रहेगा, तब तक कोई भी पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों के आरक्षण को हाथ नहीं लगा पाएगा, ये मोदी की गारंटी है।**

श्री शाह ने कहा कि **समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के नेता झूठ बोलने में माहिर हैं। यह सहारा रिफन्ड का मुद्दा उठा रहे हैं, जबकि ये घोटाला अखिलेश यादव के ही राज में हुए थे। आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने लोगों को उनके पैसे वापस दिलाने की शुरुआत की है। 3.5 करोड़ लोगों को उनकी सहारा में फंसी पाई-पाई भारतीय जनता पार्टी की सरकार वापस करेगी।** आज स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी की पुण्यतिथि है। **आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने चौधरी साहब को भारत रत्न देकर उत्तर प्रदेश के किसानों का सम्मान किया है।** महराजगंज में चार चीनी मिलें थी, जिनमें से 3 बंद हो गई और उन्हें बसपा ने निजी क्षेत्र के हाथों बेच दिया। महाराजगंज की जनता श्री पंकज जी को विजयी बना दे तो डेढ़ साल में 3 चीनी मिलों के बराबर एक सहकारी चीनी मिल शुरू कर दिया जाएगा। **सपा ने 30 चीनी मिलें बंद की हैं जबकि भाजपा सरकार ने 20 चीनी मिलें शुरू कीं और 5 चीनी मिलें नई बनाईं। गन्ने के क्षेत्र में 9 लाख हेक्टेयर की बढ़ोतरी की, पूर्व की सरकारों ने 1995 से 2017 तक 23 हजार करोड़ रुपए किसानों को चुकाये गए थे, लेकिन आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के शासन में 2 लाख 50 हजार करोड़ रुपए किसानों को दिए गए।** इथेनॉल का उत्पादन बढ़ा है और किसानों का एक-एक गन्ना चीनी में तब्दील हो, इसकी चिंता आदरणीय प्रधानमंत्री जी करेंगे। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के शासन में गन्ना उत्पादन 72 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 84 लाख मीट्रिक टन हो गया है। **पूरा उत्तर प्रदेश पहले माफियाओं और मच्छरों से घिरा हुआ था लेकिन मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने मच्छरों और माफियाओं दोनों का सफाया कर दिया। आज उत्तर प्रदेश, आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है।**

बलिया में जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि गुजरात में कहा जाता है कि एक काम करने से अगर तीन पूरे होते हैं तो वह काम तुरंत कर देना चाहिए, इसलिए श्री नीरज शेकर को दिया हुआ एक एक वोट श्री नीरज शेखर को सांसद बनाएगा, आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएगा और श्री चंद्रशेखर जी को श्रद्धांजलि के समान होगा। **उत्तर प्रदेश में जब समाजवादी पार्टी की सरकार थी तब सूबे में गुंडाराज चलता था, जमीन पर अवैध कब्जे होते थे, पूरा राज्य माफियाओं के कब्जे में था, लेकिन योगी आदित्यनाथ जी ने गुंडों को उलटा लटकाकर सीधा करने का काम किया है।** पहले उत्तर प्रदेश में देशी कट्टे बनाने की फैक्ट्रियाँ थी अब डिफेंस कॉरीडोर में टॉप के गोले बन रहे हैं, ब्रमहोस मिसाईल बन रह है और अगर युद्ध की नौबत आई तो उत्तर प्रदेश में बना तोप का गोला दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देने का काम करेगा। भाजपा सरकार बनने के बाद सोनबरसा में एक वर्ष में 100 बेड के अस्पताल की स्थापना की जाएगी। **सपा के शासन में बिजली की समस्या थी। पहले यूपी में जन्माष्टमी के दिन बिजली नहीं आती थी लेकिन रमजान के समय 24 घंटे बिजली रहती थी लेकिन अब होली दिवाली के दिन 24 घंटे बिजली देने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है।** कांग्रेस ने गैर संवैधानिक रूप से पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को वर्ग विशेष को देने का काम किया है। **कांग्रेस ने कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में गैरकानूनी तरीके से वर्ग विशेष को धर्म के आधार पर 4% आरक्षण दिया लेकिन कांग्रेस यह समझ ले कि जब तक भाजपा है दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के आरक्षण को कोई खत्म नहीं सकता है।** उत्तर प्रदेश में मोदी जी ने 14 एक्सप्रेसवे बनाए, लगभग 12 हजार किलोमीटर सड़क बनी, नए एयरपोर्ट स्थापित किए गए, 12 शहरों में मेट्रो स्थापित की जा रही है, 68 मेडिकल कॉलेज स्थापित किए गए हैं, डिफेंस कॉरीडोर बना, मेडिकल डिवाइस पपर्क बना, फूड पार्क बना और उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने का काम आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है।

सोनभद्र में जनसभा को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि **1989 में सोनभद्र में आदिवासियों पर हुई गोलीबारी के लिए समाजवादी पार्टी की सरकार जिम्मेदार थी। सपा सरकार ने आदिवासी समुदाय की अनदेखी की लेकिन भाजपा सरकार ने उन्हें लाभ दिया। समाजवादी पार्टी द्वारा उपेक्षित वन अधिकार पट्टा भाजपा सरकार में वितरित किया जा रहा है। यदि**

**आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री चुने जाते हैं, तो प्रत्येक आदिवासी परिवार को अगले चुनाव से पहले उनका वन अधिकार पट्टा मिल जाएगा। समाजवादी पार्टी ने आदिवासियों को उनके अधिकारों से वंचित करने के लिए अवैध खनन का को पोषित किया, जबकि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आदिवासी समुदाय के लिए निकाले गए खनिजों का एक हिस्सा आरक्षित करने के लिए जिला खनिज कोष की स्थापना की।** सपा ने कनहर परियोजना को दशकों तक रोक कर रखा जिससे आदिवासियों के खेतों को सिंचाई का पानी उपलब्ध नहीं हो सका, उसे भाजपा सरकार ने पूरा किया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे सोनभद्र क्षेत्र से नक्सलवाद को खत्म कर दिया है और आदिवासी क्षेत्रों के विकास पर ध्यान केंद्रित किया है। तीन साल पहले तक मिर्जापुर और सोनभद्र में लोग पीने के पानी की कमी से जूझ रहे थे लेकिन अब भाजपा "नल से जल" कार्यक्रम के माध्यम से यह सुनिश्चित करने में लगी है कि हर घर को पानी मिले। सपा सरकार ने रॉबर्टसगंज के साथ सौतेला व्यवहार किया। ओबरा और अनपरा में उत्पादित बिजली स्थानीय आबादी तक नहीं पहुंच पा रही थी। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में अब हर घर तक बिजली पहुंचा दी गई है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि सोनभद्र के निवर्तमान सांसद श्री पकौड़ी लाल ने ढेर सारे विकास कार्य किये हैं। चंदौली से शेखपुर तक चार-लेन सड़क का निर्माण हुआ, रिंग रोड चरण एक का पूरा हो चुका है, अमृत भारत के तहत सोनभद्र, रेनुकूट और चंदौली रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास हो रहा है, रॉबर्ट्सगंज से वंदे भारत ट्रेन और राजधानी एक्सप्रेस की शुरूआत हुई है। श्री पकौड़ी लाल के कार्यकाल में रॉबर्ट्सगंज में रेलवे लाइन का दोहरीकरण हुआ, ₹33 करोड़ की लागत से सकलडीहा रेलवे क्रॉसिंग पर एक ओवरब्रिज का निर्माण हुआ, सिल्पी से एमपी बॉर्डर तक ₹21 करोड़ की लागत से सड़क का चौड़ीकरण हुआ, चुर्क में एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना हुई और नौबतपुर में भी एक और सरकारी मेडिकल कॉलेज के का निर्माण चल रहा है। ओबरा में 600 मेगावाट बिजली संयंत्र की स्थापना हुई, 1 लाख 10 हजार आदिवासियों को घर मिले, 4 लाख 50 हजार आदिवासियों को गैस कनेक्शन, 7 लाख 60 हजार घरों में शौचालय और 4 लाख 10 हजार किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ मिला है।

श्री शाह ने कहा कि लोग कहते हैं कि हमारे सांसद को मंत्री बना दो, लेकिन यह महाराजगंज का भाग्य है कि आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने बने बनाये मंत्री को प्रत्याशी के रुप में दिया है। पंकज जी देश के सबसे अनुभवी सांसदों में से एक हैं। जब महाराजगंज की बात आती है तो सबसे झगड़ा कर लेते हैं। श्री पंकज चौधरी ने पडरौना से पीलीभीत तक राजमार्ग बनाया, परतावल से गोरखपुर तक 4 लेन सड़क बनाई, महाराजगंज बाईपास का निर्माण करवाया, महाराजगंज में 220 किलोवॅाट का उपकेन्द्र शुरू किया, 2 लाख 52 हजार माताओं को गैस का सिलेंडर दिया, 64 हजार गरीबों को घर दिया, 4 लाख 32 हजार घरों में नल से जल पहुंचाया, 4 लाख 54 हजार शौचालय बनवाए, 4 लाख 41 हजार किसानों को किसान सम्मान निधि पहुंचाई। सांसद डॉ. रमापति राम त्रिपाठी ने कोरोना के दौरान देवरिया में ऑक्सीजन प्लांट बनवाया, देवरहा बाबा के नाम पर मेडिकल कॉलेज बनाया, गंडक नदी पर 11 किमी लंबा पुल बनाया गया और देवरिया सदर स्टेशन नया बन रहा है। **अगर इंडी गठबंधन जीतता है तो इनके पास कोई प्रधानमंत्री पद का कोई उम्मीदवार नहीं है। इंडी गठबंधन का कहना है कि उनके सभी लोग बारी-बारी से प्रधानमंत्री बनाए जाएंगे। उन्हें यह समझना होगा कि ऐसे देश नहीं चल सकता है। इस देश को मजबूत नेतृत्व चाहिए और वह केवल आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ही दे सकते हैं।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पाकिस्तान के हर नापाक हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया, 60 करोड़ गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठाया, कोरोना जैसी महामारी से देश की जनता की सुरक्षा की, विश्वभर में भारत का परचम लहराया, 80 करोड़ों लोगों तक मुफ्त आवश्यक राशन उपलब्ध कराया। **आज मोदी-मोदी का नारा विकसित भारत का नारा बन गया है।** उन्होंने यूपी की जनता से सभी लोकसभा प्रत्याशियों को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने और आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

******************